दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 257 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8
वीरवार
4 जून 2026
RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

## अनमोल वचन

"अगर धन दूसरों की भलाई करने में काम आए, तो इसका कुछ मूल्य है अन्यथा ये सिर्फ बुराई का एक ढेर है और इससे जल्दी छुटकारा मिल जाए, उतना बेहतर है।"

# एनपीसीआई ने कंबोडिया के एसीएलईडीए बैंक के साथ साझेदारी कर यूपीआई भुगतान सुविधा शुरू की



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एन.पी.सी.आई) ने कंबोडिया में यूपीआई भुगतान सुविधा आरंभ करने के लिए कंबोडिया के प्रमुख वाणिज्यिक बैंक एसीएलईडीए बैंक के साथ साझेदारी की है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि पहले चरण में लाखों भारतीय यात्री 45 लाख से अधिक कंबोडियाई व्यापारियों को सुगमता से क्यूआर भुगतान कर सकेंगे, और इसके बाद अगले चरण में दो तरफा भुगतान सुविधा स्थापित की जाएगी। भारत आने वाले कंबोडियाई नागरिक जल्द ही अपने घरेलू बैंकिंग और डिजिटल भुगतान एप का इस्तेमाल कर पूरे भारत में लाखों यूपीआई क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान कर सकेंगे। मंत्रालय ने कहा कि यूपीआई अभी सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, मॉरीशस, नेपाल, भूटान, कतर और श्रीलंका सहित आठ देशों में स्वीकार किया जा रहा थे?

# दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में भीषण आग लगने से 21 लोगों की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई। दक्षिण दिल्ली के पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि आठ दमकलकर्मियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस, दमकल सेवाओं और अन्य आपातकालीन कर्मियों के समन्वित प्रयासों से 40 से अधिक लोगों को बचाया गया और उन्हें चिकित्सा उपचार के लिए पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आग की घटना में हुई जानमाल की हानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। श्री मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से को दो-दो लाख रूपये तथा घायलों को 50-50 हजार रूपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की है।




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और गृह मंत्री अमित शाह ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह घटना बहुत दुखद है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। उपराष्ट्रपति ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को इस दुख की घड़ी में शक्ति और साहस प्रदान करने की भी कामना की।

इसी बीच, गृह मंत्री ने बताया कि स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्यों में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्री शाह ने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आग की घटना में हुई जानमाल की हानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में सुश्री गुप्ता ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एम्बुलेंस सेवा और अन्य आपातकालीन एजेंसियों के दल बचाव और राहत कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि त्वरित कार्रवाई से प्रभावित परिसरों से कई लोगों को बचाने और सुरक्षित निकालने में मदद मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है और प्रभावित परिवारों को सभी आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है।

## संक्षिप्त न्यूज

### ऑडिट लोकतंत्र को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण साधन है : उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि ऑडिट लोकतंत्र को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। यह नागरिकों को आश्वस्त करता है कि सार्वजनिक धन का उपयोग कानून, दक्षता और निष्पक्षता के अनुसार जनता के हित में किया जा रहा है।

उपराष्ट्रपति नई दिल्ली में जब ऑडिट मायने रखता हैरू सीएजी के वे हस्तक्षेप जिन्होंने महत्वपूर्ण बदलाव लाए पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

श्री राधाकृष्णन ने संसदीय लोकतंत्र में जवाबदेही की प्रक्रिया का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया बजट के विधायी अनुमोदन से शुरू होती है और आगे चलकर ऑडिट तथा सार्वजनिक लेखा समिति की जांच के माध्यम से पूरी होती है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लाओस की उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री थोंगसावन फोमविहाने से भेंट की



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में लाओस की उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री थोंगसावन फोमविहाने से भेंट की। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सभ्यतागत संबंध हैं, जो बौद्ध धर्म और रामायण की साझा विरासत में परिलक्षित होते हैं। उन्होंने कहा कि राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ का उत्सव, भारत-लाओस द्विपक्षीय संबंधों के लिए महत्वपूर्ण है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# उपराष्ट्रपति ने स्वतंत्रता सेनानी वी.वी.एस. अय्यर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



नई दिल्ली ।उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज स्वतंत्रता सेनानी, विद्वान और लेखक वी.वी.एस. अय्यर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि अय्यर एक निडर देशभक्त थे और उन्होंने अपना जीवन देश के स्वतंत्रता संग्राम में समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी ने अपने लेखन और अनुवादों के माध्यम से तमिल साहित्य में अमिट छाप छोड़ी। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि उनका साहस, बुद्धिमत्ता और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

# भारत में आवागमन वाहन पारितंत्र अब किसी एक तकनीक पर निर्भर नहीं रहेगाः केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत में आवागमन वाहन पारितंत्र अब किसी एक तकनीक पर निर्भर नहीं रहेगा। नई दिल्ली में हीरो मोटोकॉर्प की पहली फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिल बाजार में उतारे जाने के अवसर पर उन्होंने कहा कि भविष्य का वाहन पारितंत्र इलेक्ट्रिक वाहनों, जैव ईंधन, हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप एकीकृत करेगा। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि इथेनॉल मिश्रण से लगभग 1 लाख 84 हजार करोड़ रूपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है तथा कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है और भारतीय किसानों की आय में वृद्धि हुई है।

श्री पुरी ने कहा कि देश में 2014 में डेढ़ प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण आज लगभग 20 प्रतिशत तक पहुंच गया है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि पहली फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिल के शुभारंभ के साथ ही भारत ने बड़े पैमाने पर फ्लेक्स फ्यूल मोबिलिटी बाजार में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ईंधन-मिश्रण बढ़ाने को किफायती बनाने के लिए सहायक नीतिगत ढांचे पर सक्रियता से विचार कर रही है।

# ईरान-अमेरिका संघर्ष बढ़ा, ईरान ने कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया



ईरान /अमरीका(एजेंसी)। ईरान और अमरीका के बीच जारी संघर्ष आज और खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। ईरान ने कुवैत और बहरीन में स्थित अमरीकी सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया है।

एक ड्रोन हमले में कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के मुख्य यात्री टर्मिनल को नुकसान पहुंचा। हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और 63 लोग घायल हो गए। भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिक की मौत पर शोक व्यक्त किया। दूतावास ने कहा कि वह कुवैती अधिकारियों के साथ मिलकर हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने इन हमलों की जिम्मेदारी ली है। उसने कुवैत में अल-सलेम एयर बेस और कैंप अरीफजान तथा बहरीन में अमरीकी नौसेना के 5वें बेड़े के मुख्यालय को भी निशाना बनाने का दावा किया। हालांकि, अमरीकी सेंट्रल कमांड ने इन दावों को खारिज कर दिया है।

ईरान ने इन हमलों को उस अमरीकी सैन्य कार्रवाई का जवाब बताया है, जिसमें ईरान के किश्म द्वीप और एक तेल टैंकर पर हमला किया गया था। ईरान ने आगे भी जवाबी कार्रवाई जारी रखने की चेतावनी दी है। इस पूरे घटनाक्रम से खाड़ी क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

# श्रीलंका की अदालत ने 2019 ईस्टर संडे बम धमाकों की जांच में पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे सहित तीन लोगों के विदेश यात्रा पर रोक लगाई



श्रीलंका(एजेंसी)। श्रीलंका की एक अदालत ने वर्ष 2019 के ईस्टर संडे बम धमाकों की जांच के सिलसिले में पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और दो पूर्व सैन्य अधिकारियों के विदेश यात्रा करने पर रोक लगा दी है।

कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट अदालत ने यह आदेश अपराध जांच विभाग-सी.आई.डी के अनुरोध पर जारी किया। सी.आई.डी 21 अप्रैल 2019 को चर्चों और लग्जरी होटलों में हुए आत्मघाती बम धमाकों की जांच कर रही है। इन हमलों में 270 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें 11 भारतीय भी शामिल थे।

अदालत का यह आदेश सेना के कर्नल मोहम्मद अंसार और पूर्व खुफिया अधिकारी प्रेमानंद उदलगामा उर्फ सिल्वा पर भी लागू होगा। पुलिस ने अदालत को बताया कि यदि ये तीनों देश छोड़कर चले जाते हैं, तो जांच प्रभावित हो सकती है।

गोटबाया राजपक्षे, पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के छोटे भाई हैं। ईस्टर हमलों के कुछ समय बाद उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की घोषणा की थी और नवंबर 2019 का चुनाव जीत लिया था।

गोटबाया राजपक्षे ने जुलाई 2022 में श्रीलंका के गंभीर आर्थिक संकट के दौरान हुए व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने ईस्टर हमलों से जुड़ी किसी भी साजिश में शामिल होने के आरोपों से लगातार इनकार किया है।

# अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक ने संयुक्त अरब अमीरात के शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की सराहना की



नई दिल्ली (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने संयुक्त अरब अमीरात के शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की सराहना की है। उन्होंने इसे सुरक्षा, संरक्षा, पारदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के उच्च मानकों पर आधारित एक आदर्श मॉडल बताया। ग्रॉसी ने यह बात अबू धाबी के बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निरीक्षण के बाद कही। कुछ सप्ताह पहले इस संयंत्र के पास विद्युत ढांचे को ड्रोन हमले में निशाना बनाया गया था।

बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र अरब देशों का पहला चालू परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। यह संयंत्र संयुक्त अरब अमीरात की करीब 25 प्रतिशत ऊर्जा जरूरतें पूरी करता है।

# बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक

केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित स्कीमों के तहत प्रार्थियों को समय पर करवाएं ऋण उपलब्धः एडीसी




हरियाणा (ब्यूरो)। एडीसी डॉ. राहुल रईया की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस विभाग, जिला के सभी बैंक प्रतिनिधियों, सरकारी विभाग के नोडल अधिकारियों एवं संबद्ध संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में एडीसी ने बैंकर्स को निर्देश दिए कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित स्कीमों के तहत आवेदन करने वाले प्रार्थियों को बेवजह परेशान न किया जाए बल्कि समय पर ऋण उपलब्ध करवाया जाए ताकि वे स्वरोजगार स्थापित करके न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बनें बल्कि दूसरे लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करवाने में सक्षम हो सकें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई हैं। इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ प्रदान करें और अपने-अपने बैंक के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत अधिक से अधिक नागरिकों को पंजीकृत किया जाए। ग्राहकों को कैशलेस लेन-देन के लिए जागरूक करने हेतु कैम्पों का आयोजन नियमित रूप से किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बैंक पुलिस विभाग को एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज आवश्यकता के समय अतिशीघ्र उपलब्ध करवाएं। फसल बीमा योजना में किसानों की संख्या को बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि आपदा के समय किसान को आर्थिक सहायता मिल सके।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत रेहड़ी-फड़ी एवं ठेला चलाने वाले व्यक्तियों को 15 से 50 हजार रूपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने सभी डीसीओ को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ शाखा प्रबंधकों को लंबित सभी आवेदनों के त्वरित निपटान एवं पोर्टल अपडेट के लिए निर्देशित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का शीघ्र सत्यापन करें तथा पात्र लाभार्थियों को समय पर ऋण उपलब्ध करवाया जाए। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक योजना है जिसका उद्देश्य घरों को सौर ऊर्जा से जोड़कर मुफ्त बिजली प्रदान करना है। इस योजना के तहत, घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार सब्सिडी देती है जिसकी अधिकतम सब्सिडी सीमा 78 हजार तक है।

# जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन

## अवैध खनन पर रखें कड़ी नजर, अवैध खनन करने वालों के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाईः डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा




जीत समाचार हरियाणा (ब्यूरो)। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि जिला में अवैध खनन की रोकथाम को लेकर अधिकारी अपनी गतिविधियां बढ़ाएं और कड़ी नजर रखें तथा अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। जिला में किसी भी हालत में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने स्टाफ की उपलब्धता की समीक्षा की तथा फंड की उपयोगिता को लेकर विकास कार्यों की योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैध खनन से जुड़े लाइसेंसधारकों पर भी नजर रखी जाए और नियमों की पालना सुनिश्चित करवाई जाए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसा जाए, उनके वाहन जब्त किए जाएं और खनन विभाग की ओर से संबंधित को नोटिस जारी कर उन पर जुर्माना लगाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि खनन विभाग, आरटीए व टास्क फोर्स में शामिल पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी का पूरी सजगता के साथ निर्वहन करें और अवैध खनन, ई-रवानगी व ओवरलोडिंग वाहनों की निरंतर जांच की जाए तथा उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का पूरा सहयोग मिलेगा, पुलिस बल उपलब्ध करवाया जाएगा। हर माह की प्रगति रिपोर्ट में बढ़ोतरी दिखाएं।

बैठक में जिला खनन अधिकारी विनय शर्मा ने बताया कि जिला में अवैध खनन के खिलाफ अभियान निरंतर जारी है। इस वर्ष फरवरी से मई तक अवैध खनन में संलिप्त 93 वाहनों की सीज किया गया है जिनमें से 50 वाहन रिलीज हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि अवैध खनन में लिप्त 11 वाहनों पर जुर्माना लगाया गया और 4 लाख 15 हजार रूपये की जुर्माना राशि रिकवर की गई है। इसके अलावा अवैध खनन के 19 मामलों में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

बैठक में एडीसी डॉ. राहुल रईया, एसीयूटी सोहम शैलेंद्र, डीएसपी राजीव कुमार, आरटीए विजय देशवाल, डीडीपीओ कंचनलता, टास्क फोर्स पुलिस सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## हरियाणा की बड़ी उपलब्धि, 'पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना' में मिलेंगे तीन राष्ट्रीय पुरस्कार!

हरियाणा। हरियाणा ने 'प्रधानमंत्री सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना' के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 4 जून को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान हरियाणा को तीन विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा।

छहरियाणा को जिन तीन श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त होंगे, उनमें "मंथ ऑफ सोलर - सर्वाधिक उपभोक्ता आवेदन" श्रेणी में तृतीय स्थान, "मंथ ऑफ सोलर - सर्वाधिक सोलर इंस्टॉलेशन" श्रेणी में द्वितीय स्थान तथा "मंथ ऑफ सोलर - सर्वाधिक डिस्कॉम निरीक्षण (यूएचबीवीएन एवं डीएचबीवीएन)" श्रेणी में तृतीय स्थान शामिल हैं - श्री अनिल विज, ऊर्जा मंत्री।

## हरियाणा सरकार ने सरकारी डॉक्टरों के लिए पीजी बॉन्ड पॉलिसी में बड़ा बदलाव

हरियाणा। एसीएस स्वास्थ्य डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि जो डॉक्टर सरकारी सर्विस में रहते हुए क्लीनिकल स्पेशलिटी में पोस्टग्रेजुएट डिग्री कर लेते हैं वे अपने मूल विभाग में काम करते रहेंगे, जिससे पूरे हरियाणा में स्पेशलिस्ट हेल्थकेयर सेवाएं मजबूत होने की उम्मीद है।

वहीं, नॉन-क्लीनिकल और पैरा-क्लीनिकल स्पेशलिस्ट के लिए तीन साल की टीचिंग सर्विस के दौरान जो डॉक्टर राज्य के मेडिकल कॉलेजों में रिजर्वेशन का फायदा उठाकर प्री-क्लीनिकल और पैरा-क्लीनिकल विषय में पोस्टग्रेजुएट कोर्स पूरा कर लेते हैं, उन्हें मेडिकल एजुकेशन और रिसर्च डिपार्टमेंट के तहत मेडिकल एजुकेशन इंस्टीट्यूशन में तीन साल तक काम करना होगा।

## मुख्यमंत्री की 'गो ग्लोबल' पहल को नई उड़ान!



हरियाणा। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की 'गो ग्लोबल' सोच को नई गति मिली है। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 6 किसान उत्पादक संगठनों (थ्ब्टे) ने एमडीएच के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत अब हरियाणा के किसान तंजानिया, केन्या सहित अफ्रीकी देशों में खेती और कृषि कारोबार के नए अवसरों से जुड़ सकेंगे।

इस पहल के तहत मोरनी क्षेत्र में अदरक, हल्दी, मिर्च सहित विभिन्न मसाला फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। शुरूआती चरण में 4,000 एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती शुरू करने की योजना बनाई गई है।

प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को किसी भी प्रकार के नुकसान की स्थिति में भरपाई की जाएगी। साथ ही, प्राकृतिक खेती करने वालों किसानों को बाजार भाव से 10 प्रतिशत अधिक फसल मूल्य कंपनी द्वारा दिया जाएगा।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## अपराध और लापरवाही का 'इंडस्ट्रियल हब' बनता लुधियाना

पंजाब की आर्थिक रीढ़ और उद्योगों का सिरमौर कहा जाने वाला महानगर लुधियाना आज एक बेहद खतरनाक मोड़ पर आकर खड़ा हो गया है। पिछले कुछ दिनों के भीतर शहर में जो कुछ भी घटा है! चाहे वह आरके रोड की पाना-चाबी फैक्ट्री में जहरीली गैस से बाप-बेटे समेत तीन मजदूरों की मौत हो, या फिर शृंगार सिनेमा रोड पर दिनदहाड़े हुई गैंगवार और अंधाधुंध गोलीबारीकृइन सभी ने मिलकर शहर के आम नागरिक को गहरे खौफ और असुरक्षा में धकेल दिया है। सवाल यह उठता है कि क्या देश के इस बड़े औद्योगिक केंद्र में इंसानी जान इतनी सस्ती हो चुकी है कि यहाँ न तो काम की जगह सुरक्षित है और न ही शहर की सड़कें?

फैक्ट्री हादसों और गैस लीकेज की बार-बार होने वाली घटनाओं ने औद्योगिक सुरक्षा मानकों  की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। ग्यासपुरा के पुराने जख्म अभी पूरी तरह भरे भी नहीं थे कि आरके रोड पर बिना किसी सेफ्टी किट, मास्क या वेंटिलेशन के मजदूरों को मौत के कुएं (सीवरेज टैंक) में उतार दिया गया। जब मुनाफा कमाने की होड़ में फैक्ट्री मालिकों की लापरवाही और प्रशासनिक विभागों की अनदेखी मिल जाती है, तो ऐसे ही दर्दनाक हादसे पैदा होते हैं। केवल हादसों के बाद एफआईआर  दर्ज कर लेना या मुआवजे का मरहम लगा देना इसका स्थायी समाधान नहीं है। श्रम विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आखरि तब तक क्यों सोए रहते हैं जब तक कि कोई बड़ी बलि न चढ़ जाए?

दूसरी तरफ, महानगर की कानून-व्यवस्था का ग्राफ लगातार पाताल की ओर जा रहा है। व्यस्ततम और भीड़भाड़ वाले शृंगार सिनेमा रोड पर दोपहर के समय सरेआम गोलियां चलना इस बात का सीधा सबूत है कि अपराधियों के दिलों से पुलिस का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है। जब शहर के बीच बाजार में बंदूकें गरजती हैं, तो केवल कानून की धज्जियां नहीं उड़तीं, बल्कि सरकार के उन बड़े-बड़े दावों की भी हवा निकल जाती है जिनमें राज्य को सुरक्षित और अपराध-मुक्त बनाने की बातें कही जाती हैं।

लुधियाना को अपराधियों की श्गैंगवारश और फैक्ट्री मालिकों की 'लापरवाही' के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। अगर सरकार और स्थानीय प्रशासन ने तुरंत कड़े कदम नहीं उठाए, तो वह दिन दूर नहीं जब उद्योगों की यह चमक अपराध और प्रदूषण के अंधेरे में पूरी तरह खो जाएगी। अब समय आ गया है कि पुलिस कमिश्नरेट सड़कों पर अपनी साख बहाल करने के लिए अपराधियों के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की नीति अपनाए और जिला प्रशासन नियमों का उल्लंघन करने वाली फैक्ट्रियों पर ऐसी कार्रवाई करे जो दूसरों के लिए नजीर बने। शहरवासियों को अब खोखले आश्वासनों की नहीं, बल्कि धरातल पर सुरक्षित माहौल की जरूरत है।

-कमल पवार(सम्पादक)







जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# लुधियाना में नाबालिग बच्चियों के लापता होने से बढ़ा जन-आक्रोशय मातृ शक्ति ने पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

जीत समाचार लुधियाना । महानगर लुधियाना में पिछले कुछ समय से लगातार नाबालिग लड़कियों के लापता होने के मामलों ने शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस बेहद संवेदनशील और गंभीर विषय को लेकर आज समाज में भारी रोष और चिंता का माहौल देखा गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आज रूंहनसउंजीनत के नेतृत्व में भारी संख्या में मातृ शक्ति (महिला संगठन व स्थानीय महिलाएं) एकजुट हुई। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर ऑफ पुलिस लुधियाना से मुलाकात कर उन्हें एक मांग पत्र (ज्ञापन) सौंपा।

**प्रशासन की ढीली कार्रवाई पर उठाए सवाल:** ज्ञापन सौंपने के दौरान महिलाओं ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जमालपुर, ताजपुर रोड समेत शहर के विभिन्न हिस्सों से नाबालिग बच्चियों का गायब होना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन इस मामले में उतनी मुस्तैदी नहीं दिखा रहा है, जितनी इस गंभीर स्थिति में दिखाई जानी चाहिए। मातृ शक्ति ने मांग की है कि प्रशासन इस विषय पर तुरंत ध्यान दे, लापरवाही बंद करे और लापता बच्चियों की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करे।

**पुलिस ने दिया आश्वासन, जांच तेज:** दूसरी ओर, ज्ञापन स्वीकार करने के बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले को बेहद गंभीरता से लेने का भरोसा दिलाया है। पुलिस प्रशासन के अनुसार, अलग-अलग थानों की पुलिस टीमें संदिग्ध इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। जमालपुर पुलिस समेत अन्य विंग लगातार बच्चियों को ट्रेस करने के प्रयास में जुटे हैं।

**जीत समाचार की अपील:** यह सीधे तौर पर हमारी बेटियों की सुरक्षा और भविष्य से जुड़ा मुद्दा है। जीत समाचार सभी नागरिकों से अपील करता है कि यदि आपको अपने आस-पास कोई भी संदिग्ध गतिविधि या किसी लापता बच्ची का सुराग दिखे, तो तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 112 या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें।




# आर.एस. मॉडल स्कूल के मुखिया ने पत्रकार से की बदतमीजी, हिंदी बोलने पर अड़ेय विधायक कुलवंत सिद्धू के पहुंचते ही मांगी लिखित माफी

जीत समाचार लुधियाना (विशेष रिपोर्ट)। लुधियाना के मॉडल टाउन स्थित आर.एस. मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मां बोली पंजाबी भाषा को लेकर चल रहा विवाद आज उस समय बेहद गंभीर हो गया, जब स्कूल के मुख्य प्रबंधक (हेड मुखिया) ने कवरेज करने पहुंचे एक न्यूज पत्रकार के साथ बदतमीजी की। स्कूल मुखिया ने पत्रकार से पंजाबी की जगह जबरन हिंदी में बात करने को कहा और कैमरे के सामने दुर्व्यवहार किया। इस घटना की भनक लगते ही हल्के के विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू भारी समर्थकों और सामाजिक संगठनों के साथ मौके पर पहुंचे, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन को घुटने टेकने पड़े।




**कैमरे के सामने पत्रकार से बदतमीजी और भाषा पर अड़ना:** मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल में पंजाबी भाषा की अनदेखी की खबरों को कवर करने जब मीडिया कर्मी पहुंचे, तो स्कूल के मुख्य मुखिया ने सहयोग करने के बजाय पत्रकार के साथ बेहद कड़ा और अशोभनीय व्यवहार किया। मुखिया ने पत्रकार के सवालों का जवाब पंजाबी में देने से साफ इनकार कर दिया और जबरन हिंदी में बात करने की जिद पर अड़ गए। पत्रकार के साथ हुई इस बदतमीजी का वीडियो और खबर जैसे ही बाहर आई, शहर के भाषा प्रेमियों और राजनीतिक गलियारों में गुस्सा भड़क गया।

**मौके पर पहुंचे विधायक कुलवंत सिद्धू, स्कूल प्रबंधन को लिया आड़े हाथ:** घटना की सूचना मिलते ही हलका आत्म नगर के विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू तुरंत अपनी टीम के साथ आर.एस. मॉडल स्कूल पहुंचे। विधायक सिद्धू ने स्कूल के मुखिया और प्रबंधन को सरेआम आड़े हाथ लिया। उन्होंने बेहद कड़े लहजे में कहा कि पंजाब की धरती पर रहते हुए मां बोली पंजाबी का अपमान और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ (मीडिया) के साथ ऐसी बदतमीजी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने साफ किया कि सरकार के नियमों के मुताबिक पंजाब के हर स्कूल में पंजाबी को प्राथमिकता देनी ही होगी।

**भारी दबाव के बाद स्कूल मुखिया ने मांगी लिखित माफी:** विधायक कुलवंत सिद्धू, विभिन्न सामाजिक संगठनों और मीडिया कर्मियों के कड़े विरोध और भारी हंगामे के आगे आखिरकार स्कूल प्रबंधन को झुकना पड़ा। अपनी गलती का अहसास होने पर स्कूल के हेड मुखिया ने पत्रकार के साथ की गई बदतमीजी के लिए सार्वजनिक रूप से और लिखित में माफीनामा दिया। स्कूल प्रबंधन ने लिखित में आश्वासन दिया है कि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी और स्कूल के भीतर मां बोली पंजाबी भाषा और संस्कृति का पूरा सम्मान किया जाएगा।

**जीत समाचार की टिप्पणी:** यह पंजाब है और यहाँ की हवाओं में मां बोली पंजाबी रची-बसी है। किसी भी रसूखदार स्कूल के मुखिया को यह हक नहीं है कि वह मीडिया कर्मियों से दुर्व्यवहार करे या हमारी मातृभाषा का अनादर करे। विधायक कुलवंत सिद्धू की त्वरित कार्रवाई ने यह साफ संदेश दिया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नकेल कसी जाएगी। जीत समाचार पत्रकारिता की स्वतंत्रता और मां बोली के सम्मान के साथ मजबूती से खड़ा है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# पंजाब में ठेका प्रथा खत्म करने के सरकारी फैसले पर घमासानय कुछ यूनियनों ने फैसले को नकारा, तो अपनों ने दी बधाई

जीत समाचार पंजाब (विशेष रिपोर्ट)। पंजाब की भगवंत मान कैबिनेट द्वारा राज्य के 51 विभागों के 65,048 आउटसोर्स और कच्चे कर्मचारियों को सीधे सरकारी अनुबंध पर लाने और ठेकेदारी प्रथा को हमेशा के लिए समाप्त करने के फैसले पर बहस छिड़ गई है। सरकार जहां इसे एक ऐतिहासिक सुधार बता रही है, वहीं नगर निगम के कई कर्मचारी संगठनों और विपक्षी राजनीतिक लीडरों ने इस फॉर्मूले को पूरी तरह श्कामयाब न होने वालाश् बताते हुए नकार दिया है। इसको लेकर नगर निगम कर्मचारियों और यूनियनों की बैठकों का दौर शुरू हो गया है, जिसमें इस फैसले के अलग-अलग पहलुओं पर गंभीर चर्चा चल रही है।




**क्यों कुछ मुलाजिमों और लीडरों ने इस फैसले को नकारा? :** विपक्षी पार्टियों के नेताओं और नगर निगम लुधियाना के कई कर्मचारी यूनियनों (जैसे सफाई कर्मचारी और सीवरमैन यूनियन) ने इस फैसले को नाकाफी बताते हुए विरोध जताया है। उनके नकारने के मुख्य कारण निम्नलिखित हैं।

सीधे पक्का करने की बजाय लंबा इंतजाररू सरकार की नई नीति के मुताबिक, 5 साल की सेवा पूरी करने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों को पहले सीधे सरकारी कॉन्ट्रैक्ट पर लिया जाएगा। इसके बाद उन्हें 10 साल का सेवाकाल और पूरा करना होगा, जिसके बाद ही वे पक्के (त्महनसंत ˋदबजपवदमक चवेजे) हो पाएंगे। यूनियनों का कहना है कि यह कुल 15 साल का लंबा इंतजार कर्मचारियों के साथ भद्दा मजाक है।

**उम्र सीमा का पेंचः** लुधियाना नगर निगम के नेताओं का आरोप है कि सैकड़ों कर्मचारी पिछले 10-12 वर्षों से काम कर रहे हैं। देरी सरकार की तरफ से हुई, लेकिन अब कई कर्मचारी 42 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं और उन्हें इस लाभ से बाहर रखे जाने का डर सता रहा है।

**निजीकरण का विरोधः** कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि एक तरफ सरकार ठेका प्रथा खत्म करने का दावा कर रही है, तो दूसरी तरफ लुधियाना नगर निगम के कई वार्डों में सीवरेज सफाई और कूड़ा उठाने का काम निजी कंपनियों को भारी-भरकम बजट में आउटसोर्स किया जा रहा है।

**किन्होंने सरकार को दी बधाई और फैसले का किया स्वागत?:** दूसरी ओर, सत्तापक्ष के नेताओं, श्आपश् विधायकों और कुछ गैर-जोखिम श्रेणी के कर्मचारी संगठनों ने इस फैसले का स्वागत किया है और मुख्यमंत्री को बधाई दी है।

बिचौलियों और कमीशनखोरी का अंतरू बधाई देने वाले धड़े का कहना है कि इस फैसले से प्राइवेट ठेकेदारों का चंगुल हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। अब कर्मचारियों का शोषण बंद होगा और उनकी सैलरी बिना किसी कटौती के सीधे बैंक खातों में आएगी।

जोखिम भरे कामों के लिए बड़ी राहतरू फायर ब्रिगेड, पीएसपीसीएल (बिजली विभाग) के लाइनमैन और सीवरमैन जैसे खतरनाक कामों में लगे कर्मचारियों के लिए इस समयसीमा को 5 साल से घटाकर मात्र 3 वर्ष किया गया है। इस वर्ग से जुड़े कुछ संगठनों ने सरकार के इस कदम की सराहना की है।

नौकरी की सुरक्षा और छुट्टियांरू नई नीति के तहत कर्मचारियों को हर साल 10 कैजुअल लीव (छुट्टियां) और प्रसूति लाभ मिलेगा, साथ ही किसी भी कर्मचारी को बिना ठोस लिखित कारण के नौकरी से नहीं निकाला जा सकेगा।

**जीत समाचार की टिप्पणी :** सरकारी विभागों और नगर निगमों से ठेकेदारों को बाहर करना बेशक एक सराहनीय कदम है, लेकिन कर्मचारियों को पक्का करने के लिए 10 साल की अतिरिक्त शर्त रखना इस पूरे सिस्टम की कामयाबी पर सवाल खड़े करता है। सरकार को चाहिए कि वे नगर निगम कर्मचारियों के संगठनों के साथ बैठकर उनकी वास्तविक चिंताओं (जैसे उम्र सीमा की छूट और तुरंत रेगुलराइजेशन) को दूर करे, ताकि जमीनी स्तर पर यह फैसला पूरी तरह कामयाब हो सके।




# विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को जिला कांगड़ा की सभी ग्राम पंचायतों में होगी विशेष ग्राम सभा



जीत समाचार धर्मशाला(ब्यूरों)। विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर जिला कांगड़ा की सभी ग्राम पंचायतों में 5 जून, 2026 को विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए बताया कि पंचायत राज विभाग, हिमाचल प्रदेश तथा भारत सरकार के पंचायत राज मंत्रालय एवं जल शक्ति मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप यह विशेष ग्राम सभा आयोजित की जा रही है।

उपायुक्त ने बताया कि स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान के अंतर्गत 1 जून से 5 जून, 2026 तक चलाए जा रहे जन-जागरूकता कार्यक्रमों के समापन अवसर पर ग्राम सभाओं में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, ठोस एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण तथा सुरक्षित स्वच्छता व्यवहारों को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विशेष ग्राम सभाओं में जल स्रोतों की सुरक्षा, जलग्रहण क्षेत्रों के संरक्षण, भूजल पुनर्भरण, वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों एवं जल निकायों के संरक्षण, पेयजल गुणवत्ता निगरानी, ग्रे-वाटर प्रबंधन तथा पेयजल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने के लिए सामुदायिक स्तर पर किए जाने वाले प्रयासों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत भविष्य की कार्ययोजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने सभी मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति एवं सभी खंड विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष ग्राम सभा के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक जनभागीदारी के साथ कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# नशे की समस्या पर 12 जून को बच्चों से संवाद करेंगी उपायुक्त गंधर्वा राठौड़



जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरों) । नशामुक्त हिमाचल के अभियान के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 12 जून को उपायुक्त कार्यालय परिसर के बचत भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ स्कूली बच्चों के साथ सीधा संवाद करेंगी।

एडीसी अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया जाएगा। इस अवसर पर स्कूली बच्चे भी भाषण, पोस्टर और नारा लेखन के माध्यम से नशामुक्त हिमाचल का संदेश देंगे। एडीसी ने शिक्षा विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# बार एसोसिएशन जयसिंहपुर के चुनाव संपन्न: राकेश कुमार वर्मा बने अध्यक्ष, नई टीम को मिली जिम्मेदारी




जीत समाचार जयसिंहपुर (रवि कुमार)। जयसिंहपुर बार एसोसिएशन जयसिंहपुर के वार्षिक चुनाव शांति पूर्ण और उत्साह पूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव के उपरांत मत गणना पूरी होते ही नई कार्य कारिणी की घोषणा कर दी गई, जिसमें अधिवक्ताओं ने अपने नए प्रति निधियों पर भरोसा जतायाहै ।

**ये चुने गए पदाधिकारी:**
निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, नई कार्य कारिणी में निम्नलिखित अधिवक्ताओं को विजय प्राप्त हुई। अध्यक्ष एडवोकेट राकेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष एडवोकेट अमित चौहान, महासचिव एडवोकेट साहिल, संयुक्त सचिव एडवोकेट कविता वालिया, मीडिया प्रभारी एडवोकेट अंकिता शपथ और बधाई का दौर

चुनाव परिणाम घोषित होते हीन वनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देने वालों कातांता लग गया। न्यायालय परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने नवनिर्वाचित टीम का स्वागत किया और उन्हें माल्यार्पण कर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अधिवक्ताओं के हितों के लिए समर्पित रहेगी नई टीम पद भार ग्रहण करने के पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत पूरी अधिवक्ता बिरादरी की एकता की जीत है। उन्होंने संकल्प लिया कि उनकी कार्य कारिणी का मुख्य उद्देश्य अधिवक्ताओं की समस्याओं कात्वरित समाधान करना और बार की गरिमा को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। साथ ही, न्यायिकव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आम जनता को सस्ता व सुलभन्याय दिलाने में एसोसिएशन अपनी सकारात्मक भूमि का निभाएगी। इस अवसर पर एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने नई टीम से उम्मीद जताई कि वे आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए बार और बेंच के बीच सेतुका कार्य करेंगे।

## दिनांक 04/06/2026 को चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा निम्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडर वितरण किया जाएगा

जीत समाचार चढ़ियार। सिंबल (अंदर गांव), चढ़ियार मार्केट, खु, कठेरू, मुगल, नागपुरी, रोपा, रामनगर लिंक रोड, राणा नगर, पलेटा लिंक रोड, गृहण, रोपा तथा हलेड़ में गैस सिलेंडर वितरण किया जाएगा।
कल हमारे कार्यालय या गोदाम से कोई भी गैस सिलेंडर वितरित नहीं किया जाएगा।
अगर के कोई सुझाव या शिकायत हैं, तो कृपया सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक निम्न नंबरों पर संपर्क करें। 01894-257444, 01894-257666
धन्यवाद चढ़ियार गैस सर्विस






दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# मंडी के बल्ह विकास खंड की लोहारडी पंचायत को क्लीन एंड ग्रीन पंचायत श्रेणी में देशभर में तीसरा स्थान, पंचायत को मिली 25 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि'

जीत समाचार मंडी(ब्यूरो)। मंडी जिला की ग्राम पंचायत लोहारडी ने पंचायतों के समग्र विकास के दृष्टिगत क्लीन एंड ग्रीन पंचायत की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान हासिल किया है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की ओर से आज नई दिल्ली में आयोजित समारोह में जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा तथा पंचायत सचिव पुष्पा देवी व रजत शर्मा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने इस उपलब्धि के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों, पंचायत प्रतिनिधियों सहित पंचायतवासियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पंचायतों के समग्र विकास के लिए 9 बिंदु चिह्नित किए गए हैं। इन्हीं में से एक क्लीन एंड ग्रीन पंचायत श्रेणी में बल्ह विकास खंड की लोहारडी पंचायत ने देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छता के दृष्टिगत पंचायत में प्लास्टिक कचरा एकत्र करने के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त किया गया है, जो इसे निष्पादन के लिए आगे भेजता है। प्लास्टिक कचरे के सुव्यवस्थित निस्तारण के लिए इसे अलग-अलग करने के उद्देश्य से एक शेड भी बनाया गया है।

इसके अतिरिक्त बड़े स्तर पर पंचायत क्षेत्र में पौधारोपण किया गया है और लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। पंचायत में सौर ऊर्जा से सिंचाई की सुविधा, कूहल, स्वच्छ जल, स्वच्छ ईंधन के साथ ही शौचालयों के निर्माण व उपयोग पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। अमृत सरोवर का निर्माण भी पंचायत में किया गया है।

उन्होंने बताया कि क्लीन एंड ग्रीन पंचायत की इस मुहिम में बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों का भरपूर सहयोग पंचायत को मिला है। विशेषतौर पर महिला मंडल, युवक मंडल व स्वयं सहायता समूहों ने भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यहां के तीन महिला मंडलों धार, लोहारडी व बनौण की महिलाएं घर-घर जाकर लोगों को कूड़े के निस्तारण के प्रति जागरूक कर रही हैं।

ग्राम पंचायत लोहारडी विकास खण्ड बल्ह जिला मंडी की पंचायत है जोकि सुप्रसिद्ध माँ मुरारी माता मंदिर के नजदीक स्थित है। वर्ष 2021 में ग्राम पंचायत हल्यतार से अलग होकर यह पंचायत बनाई गई और इसकी जनसंख्या 1500 के करीब है। ग्राम पंचायत में 5 वार्ड हैं।

अपूर्व देवगन ने कहा कि ग्राम पंचायत लोहारडी ने न सिर्फ खुद को बल्कि साथ लगती पंचायतों को भी इन सब कार्यों के लिए प्रेरित किया, जिसमें उचित अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक दीर्घकालिक योजना, जल संरक्षण के उपाय, अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाना और समुदाय की निरंतर भागीदारी बनाए रखना शामिल है।

# इंदौरा पंचायत समिति सदस्यों का शपथ ग्रहण 8 जून को, एसडीएम ने जारी किया आदेश'

जीत समाचार इंदौरा । कांगड़ा जिला के विकास खंड इंदौरा की पंचायत समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 8 जून 2026 (सोमवार) को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में उपमंडलाधिकारी (ना.) इंदौरा एवं विहित प्राधिकारी डॉ सुरिंदर ठाकुर द्वारा आदेश जारी किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार पंचायत समिति इंदौरा के नवनिर्वाचित सदस्यों को पंचायत समिति हॉल, इंदौरा में सुबह 11:00 बजे गोपनीयता एवं पद की शपथ दिलाई जाएगी। यह प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के प्रावधानों के तहत संपन्न करवाई जाएगी। आदेश में संबंधित सदस्यों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शपथ ग्रहण की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। शपथ ग्रहण के बाद पंचायत समिति के कार्यों को लेकर आगे की औपचारिकताएं भी पूरी की जाएंगी।




# शिमला पहाड़ी स्वाद महोत्सव के तहत पाक कला प्रतियोगिता का आईएचएम कुफरी में सफल आयोजन




जीत समाचार शिमला(ब्यूरो)। अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के तहत आयोजित किए जा रहे शिमला पहाड़ी स्वाद महोत्सव के अंतर्गत पाक कला प्रतियोगिता का आज आईएचएम शिमला (कुफरी) में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. मुकुल डिमरी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य हिमाचल प्रदेश की समृद्ध पाक विरासत, पारंपरिक व्यंजनों तथा स्थानीय खाद्य संस्कृति को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त शिमला सचिन शर्मा रहे। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित पाक-कौशल, नवाचार एवं हिमाचली व्यंजनों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं पाक विरासत को व्यापक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन, समन्वय एवं मूल्यांकन कार्य हेतु आईएचएम शिमला की ओर से प्रशांत विजेता, विभागाध्यक्ष तथा यथार्थ चौहान, वरिष्ठ प्रवक्ता को समन्वयक एवं निर्णायक के रूप में नामित किया गया था। इसके अतिरिक्त, निर्णायक मंडल में नंद लाल, सेवानिवृत्त महाप्रबंधक, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम , शिमला ने भी अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करते हुए प्रतियोगिता के निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

प्रतियोगिता में प्रस्तुत किए गए पारंपरिक हिमाचली व्यंजनों, स्थानीय खाद्य संस्कृति तथा प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित पाक-कौशल की निर्णायक मंडल द्वारा विशेष सराहना की गई। निर्णायकों ने स्थानीय सामग्री के प्रभावी उपयोग, व्यंजनों की प्रामाणिकता तथा उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति को हिमाचल प्रदेश की समृद्ध पाक विरासत का सशक्त प्रतिनिधित्व बताया।

**30 प्रतिभागियों ने लिया भाग, अगले चरण के लिए 13 प्रतिभागियों का हुआ चयन**

प्रतियोगिता में 30 प्रतिभागियों द्वारा स्थानीय एवं पारंपरिक हिमाचली व्यंजनों के साथ-साथ नवाचारपूर्ण पाक-कौशल का प्रदर्शन किया गया, जिसका मूल्यांकन स्वाद, प्रस्तुतीकरण, मौलिकता, स्वच्छता तथा तकनीकी दक्षता के आधार पर किया गया। इनमें से 13 प्रतिभागियों का चयन अगले चरण की प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जिनमें 05 स्वयं सहायता समूह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, एक समूह राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन तथा 07 ओपन कैटेगरी के हैं। यह चयनित 13 प्रतिभागी 8 से 12 जून तक रानी झांसी पार्क में स्टाल स्थापित करेंगे और इस दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसके बाद अंतिम विजेता का चयन किया जाएगा।

# क्षेत्र के प्रसिद्ध 'चंम्वेया दा मेला' दगोह का कुश्ती के दूसरे दिन में मुख्य अतिथि श्री मति सन्धी देवी जी रहे



जयसिंहपुर/दगोह (अभिषेक न्यूज-एडिटर)। क्षेत्र के प्रसिद्ध 'चम्वेया दा मेला' के अंतर्गत आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता का दूसरा दिन अत्यंत उत्साहपूर्ण और गरिमामय रहा। इस आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए श्रीमती सन्धी देवी जी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कुश्ती के दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण स्थानीय पहलवानों का दमखम रहा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मैदान में मौजूद थे। मुख्य अतिथि श्रीमती सन्धी देवी जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत दगोह के सभी सम्मानित सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन की सफलता में अपना योगदान दिया।

**बदलाव के दौर में मेला:** मेले के आयोजन के स्वरूप में पिछले कुछ वर्षों में बड़ा बदलाव आया है। जहाँ पहले मेले के आयोजन के लिए चंदा एकत्र किया जाता था, वहीं पिछले छह वर्षों से पंचायत द्वारा चंदे की उगाही बंद कर दी गई है। अब यह पूरा आयोजन जन-सहयोग और चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं पर निर्भर है। इस वर्ष का मेला एक और बड़ी चुनौती और इतिहास के साथ आयोजित हो रहा है, क्योंकि वर्तमान में निर्वाचित प्रधान व उप-प्रधान को अभी तक शपथ नहीं मिली है, फिर भी पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा इसे सुचारू रूप से संपन्न कराया जा रहा है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम पर खेद:** पंचायत प्रबंधन ने इस बात का खेद प्रकट किया है कि किन्हीं अपरिहार्य कारणों से इस वर्ष मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा सका। पंचायत ने इसके लिए ग्रामीणों से क्षमा याचना की है और भविष्य में इसे बेहतर बनाने का आश्वासन दिया है।

**दानदाताओं का आभार:** मेले को सफल बनाने के लिए आगे आने वाले दानदाताओं के प्रति पंचायत ने आभार व्यक्त किया है। पंचायत समिति ने उन सभी का धन्यवाद किया है जिन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से इस मेले में योगदान दिया । जिसने नाम और रशि इस प्रकार है। मुख्य अतिथि श्रीमती सन्धी देवी जी 21000, मन्हिंद्र सिंह (प्रधान के ससुर)11000, रमेश चन्द्र (मुख्य अतिथि, रेलवे)5100, सत्या देवी, (गदियाड़ा)2100, विद्यया देवी 2100, कुलंवत राणा 2100, धर्म सिंह (मुख्य अतिथि)2100, सुरेश कुमार (प्रधान के देवर)2100, सुदेश कुमारी (प्रधान की ननद) 2100, मदन लाल (गदियाडा)1100, वीना देवी 1000 , अरविन्द कुमार 500, पंजाब सिंह 500, रणवीर सिंह100 ।पंचायत की ओर से सभी दानदाताओं को कोटि-कोटि नमन और धन्यवाद दिया गया। उम्मीद है कि भविष्य में भी इसी तरह जन-सहयोग से यह मेला अपनी गौरवमयी परंपरा को आगे बढ़ाता रहेगा।